अध्याय 3


# संख्याओं में जोड़

**अधिगम बिन्दु**

- तीन अंकों की संख्याओं में जोड़।
- हासिल के साथ जोड़।
- देवनागरी अंकों के साथ जोड़।

**3.1** देलवाड़ा गाँव में राजूलाल का ईंटों का भट्टा है। शंकर, दिनेश तथा मोहन भट्टे से ईंटें निकालकर अलग–अलग थप्पी बनाकर जमा रहे हैं।






रेखा और अनु भी स्कूल से छुट्टी के बाद वहाँ आ जाते है।

**राजूलाल** – बच्चों! तुम आ गए। चलो तुम भी ईंटें गिनने में मदद करो, कल शहर भेजनी है।

**अनु** – एक–एक कर सारी ईंटें गिनता है।


शंकर दिनेश मोहन

252+268+290

= 810 ईटें होती है।

**रेखा** – अनु तुमने गिनने में बहुत देर लगा दी, देखो में फटाफट गिनती हूँ।

**रेखा का गिनने का तरीका**





= 250+250+250+2+18+40


= 750+60

= 810 ईंटें


**संकेत**
चित्र में 25–25 ईंटो की आगे–पीछे ढ़ेरी लगी है।




## राजूलाल का गिनने का तरीका




कुल 810 ईंटे




## दूसरे दिन का कार्य



## 3.2 आओ हम ऐसे भी कर सकते हैं–

### उदाहरण 1

शंकर और दिनेश ने मिलकर दूसरे दिन कितनी ईंटें निकाली ?

हल –

| | |
|---|---|
| | ① |
| शंकर द्वारा निकाली गई ईंटें = | 280 |
| दिनेश द्वारा निकाली गई ईंटें = | +290 |
| | 570 |

दोनों ने मिलकर दूसरे दिन 570 ईंटें निकाली।

### 3.2.1 उदाहरण 2

शंकर, दिनेश और मोहन ने मिलकर दूसरे दिन कितनी ईंटें निकाली ? देवनागरी अंकों के साथ भी हल कीजिए।

हल –

| | | |
|---|---|---|
| | ① | १ |
| शंकर – | 280 ईंटें | २८० ईंटें |
| दिनेश – | 290 ईंटें | २९० ईंटें |
| मोहन – | +310 ईंटें | + ३१० ईंटें |
| | 880 ईंटें | ८८० ईंटें |

अतः तीनों ने मिलकर दूसरे दिन 880 (८८०) ईंटें निकाली।

**अब आप बताइए –**

1. शंकर, दिनेश और मोहन नें पहले और दूसरे दिन मिलाकर कितनी–कितनी ईंटें निकाली?
2. शंकर और मोहन ने मिलकर पहले और दूसरे दिन में कुल कितनी ईंटें निकाली?
3. दोनों दिनों में तीनों ने मिलकर कुल कितनी ईंटें निकाली?
4. शंकर ने दोनों दिनों में कुल कितनी ईंटें निकाली।

## प्रश्नावली – 3

1. हल कीजिए –


| (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|
| | | 989 | 780 |
| 278 | 451 | 576 | 396 |
| +396 | +769 | + 430 | + 509 |
| ______ | ______ | ______ | ______ |

2. बडलिया गाँव में 1268 पुरूष, 1098 महिलाएँ एवं 352 बच्चे है। बताओं गाँव की कुल जनसंख्या कितनी है ?


3. बेणेश्वर मेले में पहले दिन 1870, दूसरे दिन 2340 एवं तीसरे दिन 2905 लोग मेला देखने आए। बताओं तीनों दिन मिलाकर कितनें लोगों ने मेला देखा ?

4. हल कीजिए –


(i)





(ii)




(iii)




(iv)




cm 1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15

5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(i) 50 + 70 = 120 (ii) 30 + ....... = 50

(iii) ........ + 60 = 65 (iv) 100 + 200 = ...........

(v) 530 + 520 = .......... (vi) 1000 + 400 = ........

6. जोड़ कीजिए –

(i) ८३२ + ७८४ (ii) ४६४ + ४५६

7. दीपक ३२५ रुपये में एक पेंट और २४० रूपये में एक कमीज खरीदता है तो बताओ दीपक दुकानदार को कितना भुगतान करता है।

8. लोकेश बाजार से ५६७ रु. में एक घड़ी एवं २८० रु. की एक टार्च खरीदता है बताओ उसके द्वारा कुल कितनी राशि खर्च की गई।

9. हिंदी की संख्याओं का योग (जोड़) कीजिए।

(i) २५ + ४२

(ii) ३६ + १४

(iii) ४८ + ६३

(iv) ४८ + ५६

(v) २८ + ३६

(vi) १३ + ६३

(vii) ६१० + ३२०

(viii) ८७० + २०१

(ix) ५५२ + ८३५

(x) ६१० + ४४७

(xi) ७८४ + ६०५

(xii) ६४२ + १७८